संख्या-10/2026/I/1209143/तीस-3-2026-1737950

प्रेषक,

केoपीo सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 19 जनवरी, 2026

विषय- वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्भागीय/सहायक संभागीय परिवहन कार्यालयों के भवन मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य कराये जाने के लिये प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2403ए/2025-25नजारत/2025, दिनांक 24-12-2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्भागीय/सहायक संभागीय परिवहन कार्यालयों के भवन मरम्मत/अनुरक्षण हेतु अप्रेजल समिति द्वारा परीक्षित कुल धनराशि रू0 547.26 लाख की प्रशासकीय एवं कुल धनराशि रू0 500.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आपके निवर्तन पर रखे जाने की नीचे उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | कार्यदायी संस्था का नाम | कार्य का नाम | लागत आगणन की धनराशि | अप्रेजल समिति से परीक्षणोपरान्त आगणन की लागत/प्रशासकीय स्वीकृति की धनराशि | वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, प्रतापगढ़। | लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड, प्रतापगढ़। | भू-समतलीकरण, इन्टरलाकिंग एवं पानी निकास हेतु नाली निर्माण का कार्य। | 37.46 | 29.74 | 29.74 |
| 2 | संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, बस्ती। | निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, बस्ती। | क्षतिग्रस्त प्लास्टर को पुन: प्लास्टर का कार्य, फर्श में टाईल्स लगाने का कार्य,टूटे दरवाजे की मरम्मत/बदलने का कार्य, कार्यालय भवन के रंगाई-पुताई का कार्य, दरवाजे की फिटिंग्स आदि एवं अन्य विविध कार्य। | 94.53 | 88.63 | 88.63 |
| 3 | सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, ललितपुर। | प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, ललितपुर। | प्रथम तल पर रिकार्ड रूम, मीटिंग हाल एवं टायलेट का निर्माण कार्य। | 140.35 | 135.81 | 112.18 (प्रथम किश्त के रूप में) |
| 4 | सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, | निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग, फतेहपुर। | रिकार्ड रूम कार्य, विद्युतीकरण का कार्य एवं जलापूर्ति का कार्य। | 22.97 | 22.96 | 22.96 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | फतेहपुर। | | | | | |
| 5 | सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, कानपुर देहात। | यू0पी0आर0एन0 एस0एस0 (उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0) कानपुर। | मुख्य भवन का मरम्मत, मिट्टी भराई, इन्टरलाकिंग, बाउण्ड्रीवाल का मरम्मत, गेट का कार्य, रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं सारथी हाल में अधिकारी आफिस का मरम्मत इत्यादि का कार्य। | 237.27 | 230.74 | 207.11 (प्रथम किश्त के रूप में) |
| 6 | सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, जालौन के भवन मरम्मत का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, उरई। | छत के फर्श की तुड़ाई, प्लींथ बीम डालने, सुपरस्ट्रक्चर में चिनाई, बाउण्ड्रीवाल का कार्य, सेनेटरी का कार्य, विद्युत मरम्मत एवं टाइल्स व रंगाई पुताई का कार्य। | 39.44 | 39.38 | 39.38 |
| | **योग -** | | | **572.02** | **547.26** | **500.00** (रू0 पांच करोड़ मात्र) |

(1) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
(2) आहरित धनराशि पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।
(3) निर्माण कार्य की विशिष्टियां, मानक एवं गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व आपका होगा।
(4) उक्त व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
(5) उक्त कार्यों के सम्बन्ध में समस्त सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में लेखाशीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव-29-अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ह0/-
(के0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-10/2026/ **I/1209143**(1)/तीस-3-2026, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

8- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था-(1) लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड, प्रतापगढ़। (2) निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, बस्ती। (3) प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, ललितपुर। (4) निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग, फतेहपुर। (5) यू0पी0आर0एन0 एस0एस0 (उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0) कानपुर। (6) प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, उरई।

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/-

(नितिन कुमार गुप्त)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।